को कुमार वूलन मिल, घुप स्पिनिंग मिल और स्वदेशी वीविंग इंडस्ट्री फैक्टरी, फजलगंज, कानपुर लाल इमली मिल के लिए कपड़े का उत्पादन करती है ; यदि हां, तो लाल इमली की ओर से इन मिलों द्वारा कितने कपड़े का उत्पादन किया गया और उन पर लेबिल चिपकाकर लाल इमली के कपड़े के रूप में प्रदर्शित किया गया ; और

(ग) लाल इमली वूलन मिल्स कानपुर द्वारा 1983-84 तथा 1984-85 के वर्षों के दौरान उत्पादित कपड़े का ब्योरा क्या है और 60 नम्बर की लोई तथा ब्लैजर बी० सी० 95 के मूल्यों में प्रतिवर्ष प्रतिमीटर कितने रुपए की वृद्धि की गई ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री रामनिवास मिर्धा) : (क) से (ग) जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

Fait in the price of Handloom Cloth

2250. DR. MOHD. HASHIM KID-WAI: Will the Minister of TEXTILES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that there has been a fall in the prices of hand-loom cloth;

(b) how does its price correspond with the figures of the last year; and

(c) what steps Government have taken to help the handloom sector to tide over this crisis?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF TEXTILES (SHRI RAM NIWAS MIRDHAV (a) and (b) Information in respect of price of handloom cloth is not separately maintained. However, the prices of Janata cloth produced on handlooms, are fixed by Government of India and there has been no fall in the pri&es of Janata varieties in the last one year.

; [r](cy Does not arise.

पाकिस्तानी राष्ट्रिकों का दौरा

2251. **श्री शमीम अहमद सिद्दीकी :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि 1985-86 के दौरान पाकिस्तान के कितने नागरिक भारत आए और कितने भारतीय पाकिस्तान गए ?

गृह मंत्री (श्री बूटा सिंह) : निम्नलिखित वर्षों में भारत का दौरा करने वाले पाकिस्तानी राष्ट्रिक इस प्रकार है :-

1985 . . 1,49,508
1986 . . 1,62,194

जहां तक पाकिस्तान में गये भारतीयों का संबंध है सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

Disposal of surplus stores by DGS&D

2252. SMT. AMARJIT KAUR; SHRI PAW AN KUMAR BANSAL:

Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that on disposal of surplus stores by the DGS & D, the sale realisation is sometimes much less than the book value of the goods; and

(b) if so, what steps have been initiated to avoid such losses?

THE MINISTER OF COMMERCE (SHRI P. SHIV SHANKER): (a) and (b) Yes please. The sale value of surplu$_s$ stores is not a fixed percentage of the book value or the original cost of acquisition. Before the auction, the condition of the stores is examined and a Guiding Price is fixed taking into account age|condition of stores, depreciation, realization from similar stores in the 'past 6 months etc. for the information ofthe Supervising Officer. The Surplus stores ure, however, disposed of at the best obtainable price in open competition l either by tender or by auction. It

would not be correct to say that government suffers a loss when the sale price is less than the book value.

सीलमपुर, पूर्वी दिल्ली में हत्याओं के मामलों में वृद्धि

2253. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक:**
कुमारी सुशीला तिरिया :

क्या **गृह** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले ढाई वर्ष के दौरान वर्तमान थानाध्यक्ष के कार्यकाल में सीलमपुर, पूर्वी दिल्ली में हत्याओं के मामलों में वृद्धि हुई है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि थानाध्यक्ष ने हत्याओं के उन मामलों की जांच करने में कोई रुची नहीं ली और इस क्षेत्र में हत्याओं की संख्या में दिन प्रति दिन वृद्धि हो रही है ;

(ग) उपर्युक्त अवधि के दौरान हुई हत्याओं के मामलों की संख्या कितनी है और उनका ब्यौरा क्या है ; और

(घ) हत्याओं के इन मामलों की जांच में हुए विलम्ब के क्या कारण है और उसके कब तक पूरा हो जाने की संभावना है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चिन्तामणि पाणिग्रही) :(क) से(घ) थाना सीलमपुर में पिछले दो वर्ष और 6 माह के दौरान (1-7-84 से 31-12-86 तक)सूचित किए गए हत्या के मामलोंकी संख्या 21 है। 1-1-82 से 30-6-84 तक की अवधि के दौरान हत्या के 22 मामले सूचित किए गए थे।

इन सभी मामलों में जांच पड़ताल की गयी। 15 मामलों में चालान पहले ही दायर कर दिये गये हैं और 14 मामले विचाराधीन हैं।

हबीबुल्ला एस्टेट, लखनऊ

2254. **श्री राम नरेश कुशवाहा :** क्या **गृह** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कोठी नं०11, हबीबुल्ला एस्टेट, महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ के एक तिहाई हिस्से को निष्क्रान्त सम्पत्ति के रूप में घोषित किया गया था ;

(ख) यदि हां, तो वह सम्पत्ति अब किसके कब्जे में है और उसका मूल्य क्या है ;

(ग) क्या उस सम्पत्ति का कस्टोडियन विभाग द्वारा अधिग्रहण किया गया है ; और

(घ) यदि हां, तो कब और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चिन्तामणि पाणिग्रही) :(क)से(घ) अपेक्षित सूचना उत्तर प्रदेश सरकार से मांगी गयी है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

हबीबुल्ला एस्टेट

2255. **श्री राम नरेश कुशवाहा :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1952 में कोठी नं० 11, हबीबुल्ला एस्टेट, महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ में कुल कितनी भूमि थी ;

(ख) इसका कितना भूभाग कब निष्क्रांत सम्पत्ति घोषित किया गया ; और

(ग) उसमें से अब तक कितने भूभाग की बिक्री कर दी गई है और इसे बेचने वाले व्यक्तियों के नाम क्या हैं और वर्तमान में उसमें कितनी भूमि शेष है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चिन्तामणि पाणिग्रही) : (क) से (ग) अपेक्षित सूचना उत्तर प्रदेश सरकार से